भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
आर्थिक कार्य विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 143
(जिसका उत्तर सोमवार, दिनांक 1 दिसम्बर, 2025 (10 अग्रहायण, 1947(शक) को दिया जाना है)

परिसंपत्तियों के निर्माण की तुलना में परिवारों का ऋण अधिक तेज़ी से बढ़ना

143. प्रो. सौगत राय:
क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ो के अनुसार, भारतीय परिवारों द्वारा लिया गया वार्षिक वित्तीय ऋण उनकी वार्षिक परिसंपत्तियों की तुलना में अधिक तेज़ी से बढ़ा है;
(ख) यदि हाँ, तो विगत पाँच वर्षों से अब तक परिवारों के ऋण और परिसंपत्तियों का राज्य-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या देश में परिवार म्यूचुअल फंड में राशि जमा करने में अधिक रूचि दिखाते हैं; और
(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
वित्त राज्य मंत्री
(श्री पंकज चौधरी)

(क) और (ख): भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार, परिवारों की वित्तीय आस्तियों का स्टॉक मार्च 2021 के अंत के ₹228.7 लाख करोड़ से बढ़कर मार्च 2025 के अंत तक ₹352.6 लाख करोड़ हो गया है। इसी अवधि के दौरान, वित्तीय देयताओं का स्टॉक ₹77.7 लाख करोड़ से बढ़कर ₹136.6 लाख करोड़ हो गया। वित्तीय आस्तियों के स्टॉक और परिवारों की देयताओं का वर्ष-वार विवरण नीचे दर्शाया गया है।

वित्तीय आस्तियों का स्टॉक और परिवारों की देयताएं (₹ लाख करोड़)					
वर्षांत	मार्च-21	मार्च-22	मार्च-23	मार्च-24	मार्च-25
वित्तीय आस्तियां	228.7	254.4	278.4	320.3	352.6
वित्तीय देयताएं	77.7	86.2	102.2	121.0	136.6
वित्तीय आस्तियों के स्टॉक और परिवारों की देयताओं में वृद्धि (प्रतिशत में वर्ष-दर-वर्ष)					
वर्षांत	मार्च-21	मार्च-22	मार्च-23	मार्च-24	मार्च-25
वित्तीय आस्तियां	33.1	11.2	9.5	15.0	10.1
वित्तीय देयताएं	11.2	11.0	18.5	18.4	12.9

स्रोत: आरबीआई
टिप्पणी: मार्च 2025 के लिए डेटा आरबीआई बुलेटिन, अगस्त 2025, ओकेजनल सीरिज तालिका 50(ख) के अनुसार प्रारंभिक अनुमानों पर आधारित है।

(ग) और (घ): भारतीय रिज़र्व बैंक के अनुसार, परिवारों की सकल वित्तीय बचत के प्रतिशत के रूप में म्यूचुअल फंड में परिवारों की वित्तीय बचत वर्ष 2020-21 में 2.1 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2024-25 में 13.1 प्रतिशत हो गई है। इसका विवरण नीचे दर्शाया गया है।

वर्ष	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24	2024-25
म्यूचुअल फंड में परिवारों की वित्तीय बचत (₹ लाख करोड़)	0.6	1.6	1.8	2.4	4.7
परिवार क्षेत्र की सकल वित्तीय बचत (₹ लाख करोड़)	30.7	26.1	29.3	34.3	35.6
परिवार-वार सकल वित्तीय बचत के प्रतिशत के रूप में म्यूचुअल फंड में परिवारों की वित्तीय बचत (प्रतिशत)	2.1	6.1	6.1	7.0	13.1

स्रोत: एनएसओ और आरबीआई।

नोट: वर्ष 2024-25 के लिए डेटा आरबीआई बुलेटिन, अगस्त 2025, ओकेजनल सीरिज तालिका 50(क) के अनुसार प्रारंभिक अनुमानों पर आधारित है।

*****